नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)
ज्ञान शांति मैत्री
जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com
वेबसाइट : www.hindivishwa.org

हिंदी विश्वविद्यालय में 9 से 13 को
व्यक्तित्व एवं कौशल विकास कार्यशाला
उपजिलाधिकारी मंगेश जोशी करेंगे उदघाटन

वर्धा, 07 सितंबर 2016: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से 9 से 13 सितंबर के दौरान व्यक्तित्व एवं कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का उदघाटन शुक्रवार को वर्धा जिले के निवासी उप-जिलाधिकारी मंगेश जोशी दोपहर 4.30 बजे हबीब तनवीर सभागार में करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र करेंगे। इस कार्यशाला में हर दिन सुबह 6 से 7 बजे गांधी हिल्स पर योग किया जाएगा। 10 तारीख को नेहरू युवा केंद्र, वर्धा के समन्वयक संजय माटे, विवि के जनसंचार विभाग के डॉ. अख्तर आलम, प्रदर्शनकारी कला विभाग के डॉ. सतीश पावड़े, 11 को 10.30 बजे ग्रामपयोगी विज्ञान केंद्र के कार्यकारी निदेशक डॉ. सोहम पण्डया, अनुवाद अध्ययन विभाग के डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी, 13 को 11.30 बजे वर्धा जिले के पूर्व जिला समादेशक प्राध्यापक मोहन गुजरकर विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन करेंगे। कार्यशाला में अधिक से अधिक स्वयंसेवकों को सहभागी होने की अपील राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक राजेश लेहकपुरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुप्रिया पाठक एवं बी. एस. मिरगे ने की है।